रजिस्ट्रेशन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के0पी0सिटी– 67/2021–23

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गज़ट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निष्पक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही,
कानपुर–208014

वर्ष –43 ● अंक –8 से 13 ● कानपुर 1 से 15 जुलाई 2021 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹ 100

# 11 वाँ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक विजय दिवस सम्पन्न




11वें विजय दिवस के अवसर पर बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0 प्र0 की की ओ0एस0डी0 डा0 शाहीना इदरीसी अपने विचार साझा करते हुये छाया गज़ट

आज का नया सवेरा संभावनाओं भरा है यह उदगार बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की विशेष कार्याधिकारी शाहीना इदरीसी ने व्यक्त किये, उन्होंने कहा कि आज ही की तिथि को भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने एक अति स्पष्ट आदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास हेतु जारी किया था जो राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को निर्देश के साथ – साथ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की शिक्षा एवं चिकित्सा हेतु दिशा निर्देश भी है।

इसी क्रम में बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने कहा कि भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा जारी आदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिये मील का पत्थर है, यह आदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के नाम से 21 जून, 2011 को जारी हुआ था जो भारत सरकार द्वारा जारी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा एवं शिक्षा हेतु अब तक का एक पूर्ण आदेश है, इसके पूर्व इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिये जो भी आदेश समय–समय पर जारी हुये हैं वह परामर्श मात्र हैं यही एक मात्र ऐसा स्पष्ट आदेश है जिसमें सब कुछ साफ़–साफ़ है अर्थात इस आदेश से इलेक्ट्रो होम्यापैथी के लिये अनेक दरवाज़े स्वतः खुल गये हैं अब हमें गहनता से यह निर्णय लेना पड़ेगा कि हम इस आदेश को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के हित में कितना लाभकारी बना सकते हैं, आदेश से स्पष्ट है कि सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन यदि किया जायेगा तो एक दिन स्वंय सरकार हमें वह सबकुछ अधिकार प्रदान कर देगी जो अन्य चिकित्सा पद्धतियों को मिले हुये हैं अब आप स्वयं विचार करें कि हम सफ़लता के किस पायदान पर खड़े हैं इसी पायदान से हमें मान्यता मिलने की इन्द्रधनुषीय किरणें साफ़ – साफ़ दिख रही हैं बस आवश्यकता है सूझ – बूझ से कार्य करने की।

इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के संयुक्त सचिव डा0 मिथलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आज के इस पावन दिवस पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा एवं शिक्षा हेतु परिस्थितियां अनुकूल हैं भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा गठित अन्तर विभागीय समिति भी इन्हीं दो बिन्दुओं पर जानकारी चाहती है, देश में शिक्षा एवं चिकित्सा (औषधि निर्माण) क्षेत्र से जुड़े लोगों को अन्तर विभागीय समिति को वांछित की पूर्ति उसी के अनुरुप करनी चाहिये जैसा कि समिति चाहती है।

बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 सह इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के चेयरमैन डा0 एम0 एच0 इदरीसी ने कहा कि 21 जून, 2011 को यह आदेश प्राप्त होने पर हर्ष के साथ–साथ एक भव्य आयोजन भी किया गया क्योंकि देश के इलेक्ट्रो होम्योपैथी के इतिहास में यह एक ऐसा आदेश है जिसमें इलेक्ट्रो होम्योपैथी की विजय समाहित है इसीलिये इस तिथि एवं दिवस को विजय दिवस का नाम दिया गया है तथा प्रति वर्ष 21 जून को विजय दिवस पर्व के रुप में मनाने का निश्चिय किया गया।

विजय दिवस कार्यक्रम वैसे तो देश के अनेक स्थलों में परम्परागत रुप से आयोजित किया गया परन्तु प्रमुख रुप से हमें जिनके विस्तृत समाचार व छाया चित्र मिले हैं वे हैं आशीष इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट–रायबरेली, अवध इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट–लखनऊ, माँ सरजू देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट–लखीमपुर, वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर–मऊ, बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्यो पैथिक स्टडी सेन्टर–हमीरपुर, डी0एल0एम0एम0 स्टडी सेन्टर ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्यापैथी महाराजगंज में विजय दिवस के साथ ही विश्व योगा दिवस भी मनाया गया।




बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर हमीरपुर के संचालक डा0 नरेन्द्र भूषण निगम के साथ विजय दिवस कार्यक्रम के अवसर पर अन्य चिकित्सकगण छाया गज़ट




इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के तत्वाधान में बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अमद अपने संस्मरण बताते हुये।




11वें विजय दिवस के अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के संयुक्त सचिव डा0 एम0 के0 मिश्रा अपने बहुमूल्य विचारों को व्यक्त करते हुये छाया गज़ट

## अधिकारिता का परिचायक है जनपदीय पंजीयन

जनपदीय पंजीयन का सूत्रधार है माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह मुकदमा जो अवमाननवाद संख्या 820/2002 राजेश कुमार श्रीवास्तव बनाम श्री ए0 पी0 वर्मा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश व अन्य, इसी मुकदमें की सुनवाई के दौरान माननीय न्यायमूर्ति ने शिक्षित, प्रशिक्षित ,पंजीकृत एवं अधिकृत चिकित्सकों की पहचान के लिये आदेश जारी कर प्रदेश में संचालित चिकित्सा संस्थानों एवं चिकित्सकों को पंजीकरण हेतु निर्देश जारी किये।

*जारी निर्देशानुसार चिकित्सा शिक्षा संस्थानों को शासन के प्रमुख सचिव कार्यालय में एक निश्चित तिथि तक पंजीकरण कराना था तथा* All the Hospitals, Nursing Homes, Maternity Homes, Medical Clinics, Private Practitioners, Practicing Medicine and offering Medical and Health Care services, Pathology Labs, Diagnostic clinics whether run privately or by firms, Societies, Trusts, Private limited or Public limited Companies in the state shall register themselves with chief medical officer of the District where these establishment are situate giving full details of the medical facilities offered at these establishment, the names of the registered and authorized medical personal practicing, employed or engaged by them, their qualifications with proof of their registrations,the Para medical staff employed or engaged and there qualification on a form (for each category) prescribed by the principal Secretary, Medical Health and Family Welfare, Government of U.P. The prescribed Proforma with true and accurate information shall be submitted, supported by an affidavit of the person providing such medical services or the person in charge of such establishment sworn before Notary Public. The required information shall be submitted for registration by all these persons on or before 30.4.2004. *तथा उपरोक्त समस्त को ज़िले के मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में पंजीकरण कराना था।*

*इलेक्ट्रो होम्योपैथी के संबन्ध में उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग–6 ने कार्यालय ज्ञाप संख्या –2914/ पांच– 6–10–23 रिट/11 दिनांक 04 जनवरी, 2012 जारी किया है, जिसकी प्रति अन्य के साथ प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को भी पृष्ठांकित एवं प्रेषित की गयी है, जारी आदेश के अनुसार* बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 *इलेक्ट्रो होम्योपैथी पद्धति की शिक्षा, चिकित्सा, रजिस्ट्रेशन, अनुसंधान एवं विकास हेतु कार्य करता है, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रदेश में चिकित्सकों/ चिकित्सालयों का पंजीयन ज़िले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया जाता था।*

*उत्तर प्रदेश शासन, आयुष अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1297/ 71– आयुष– 1 – 2016–डब्लू– 283 /2014 दिनांक 03 अगस्त, 2016 द्वारा वर्तमान व्यवस्था में संशोधन किया गया है, संशोधित व्यवस्था के अनुसार जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एलोपैथी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा आयुर्वेद एवं यूनानी तथा ज़िला होम्योपैथिक अधिकारी द्वारा होम्योपैथी पद्धति में चिकित्सा करने वालों का ही पंजीयन किया जाता है, आयुष अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या –1297/71 – आयुष–1– 2016–डब्लू–283/2014 दिनांक 03 अगस्त, 2016 के आलोक एवं चिकित्सा अनुभाग–6 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–2914/पांच–6–10–23 रिट/11 दिनांक 04 जनवरी, 2012 के अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों का जनपदीय पंजीयन* बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 *द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी/क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।* बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 द्वारा जारी जनपदीय पंजीयन इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा की अधिकारिता का परिचायक है।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया

## का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय के आदेश सं0 C.30011/22/2010-HR दिनांक 21–06–2011 के अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा एवं शिक्षा का प्रसार करना तथा सामुदायिक स्तर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी को स्थापित करना




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के चेयरमैन डा0 एम0एच0 इदरीसी 11वें विजय दिवस पर चिकित्सकों से अपने पद्धति में इलाज करने के लिये प्रोत्साहित करते हुये




बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के प्रशासनिक कार्यालय में 11वें विजय दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते मो0 नसीम इदरीसी



इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के तत्वधान में डी0एल0एम0एम0 स्टडी सेन्टर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी, महाराजगंज के संचालक डा0 प्रिंस श्रीवास्तव 11वें विजय दिवस के अवसर पर चिकित्सा शिविर में रोगियों का इलाज करते हुये छाया गज़ट

## प्रदेश में जनपदीय इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालयों की स्थापना ज़ोरों पर

प्रदेश में अनेक जिलों में जनपदीय इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालयों की स्थापना की जा रही है इसी कड़ी में महाराजगंज में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालय की स्थापना की गयी जिसका उद्‌घाटन वनवासी कल्याण आश्रम के जिलाध्यक्ष जगदीश गुप्त एवं संगठन मंत्री श्री सचिन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने चिकित्सा की उक्त पद्धति को असाध्य रोगों में बेहद प्रभावकारी मानते हुए उसके प्रभाव की चर्चा विस्तार से की। इस मौके पर डा0अरविन्द श्रीवास्तव, डा0प्रिंस श्रीवास्तव, डा0प्रियंका, श्रीवास्तव, राजनाथ भारती, दुर्गा मद्धेशिया, आकाश,अंकिता, संध्या, निशा,गुलफसा,नेमा,साक्षी एवं जुलेखा आदि मौजूद थी।

इलेक्ट्रो होम्योपैथिक
मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया
11वाँ
विजय दिवस समारोह
दिनांक 21 जून, 2021 दिन –सोमवार
अवध इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इंस्टीट्यूट
इन्द्रपुरी कालोनी, सीतापुर रोड, लखनऊ
डॉ. आशुतोष कपूर मो. 7007592773
डॉ. आर.के. कपूर मो. 8299165010




11 वें विजय दिवस के अवसर पर वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर वलीदपुर, मऊ में डा0 अयाज़ अहमद एवं अन्य चिकित्सकगण इलेक्ट्रो होम्योपैथी पर चर्चा करते हुये



# बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदेश प्राप्त, इहमाई द्वारा अनुमोदित)

8— लालबाग, कमला शर्मा मार्ग, लखनऊ—226001

प्रशा0 कार्यालय : 127/204 "एस" जूही, कानपुर—208014

website- www.behm.org.in Email: registrarbehmup@gmail.com


# F.M.E.H. व A.C.E.H. पाठयक्रमों के संचालन हेतु निम्न जनपदों में स्टडी सेन्टर्स स्थापनार्थ इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित हैं

इलाहाबाद, कौशाम्बी, बाँदा, चित्रकूट, झाँसी, ललितपुर,आगरा, मथुरा, मैनपुरी, एटा, कासगंज, हाथरस,मेरठ, बागपत,बुलन्दशहर, सहारनपुर,शामली,मुजफ़्फ़र नगर, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, सम्भल,बरेली, बदायूँ, मुरादाबाद, पीलीभीत, हरदोई, सीतापुर, फ़ैज़ाबाद, सुलतानपुर, श्रावस्ती, बस्ती, गोरखपुर, खलीलाबाद,ग़ाज़ीपुर, बलिया, वाराणासी, चन्दौली, भदोई, औरैया,फर्रुखाबाद एवं कन्नौज।

आवेदन पत्र एवं निर्देश बोर्ड की वेबसाइट www.behm.org.in (link Affiliation) से डाउनलोड कर सकते हैं।

# Offered Courses

| Name of the Course | Abbreviation | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| Fellow of Medicine in Electro Homoeopathy | F.M.E.H. | 10+2 (Any Stream) or Equivalent | Two Years (4 Semester) |
| Advance Certificate in Electro Homoeopathy | A.C.E.H. | Registered Practitioner Any Branch or Equivalent | 1 Semester |
| Graduate in Electro Homoeopathic System | G.E.H.S. | 10+2 (Bio Group) or Equivalent | 4 Years Plus (1 Year Internship) |
| Post Graduate in Electro Homoeopathy | P.G.E.H. | Graduate in any Medical Stream or Equivalent | 2 Years |

बी0ई0एच0एम0 के लिए डा0 अतीक अहमद द्वारा गजट प्रेस 126 टी/22 'ए' रामलाल का तालाब, जूही, कानपुर—14 से मुद्रित एवं मिथलेश कुमार मिश्रा द्वारा कम्प्यूटराइज्ड करा कर 9/1 पीली कालोनी, जूही, कानपुर—14 से प्रकाशित किया।